हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री



4 खाद बिक्री करने वाले संस्थान की जांच कर रहा कृषि विभाग






## खबर संक्षेप

### लॉयंस क्लब ने किया बोनसाई पौधे का रोपण

**रायगढ़।** लॉयंस क्लब रायगढ़ प्राइड द्वारा 16 जुलाई को रुक्मिणी विहार में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष पूनम सिंह के मार्गदर्शन और पर्यावरण प्रेमी गोपाल पटेल के सानिध्य में क्लब सदस्यों ने आधुनिक बोनसाई पौधों का रोपण किया। अध्यक्ष पूनम सिंह ने बताया कि बोनसाई पौधे न केवल सौंदर्यवर्धक हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होते हैं। सीमित स्थान में इन्हें आसानी से उगाया जा सकता है और ये प्रदूषण कम करने में भी सहायक होते हैं। क्लब सचिव डॉ. नेहा अग्रवाल ने कहा कि अगली पीढ़ी को सिर्फ प्रॉपर्टी नहीं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण चाहिए। बोनसाई पौधे एक छोटा लेकिन प्रभावशाली गिफ्ट हैं, जो ऑक्सीजन और मानसिक शांति दोनों देते हैं। इस कार्यक्रम में पूनम सिंह, डॉ. नेहा अग्रवाल, शाइना मलिक, मनीषा वर्मा और गोपाल पटेल सहित क्लब के सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

### 21 से 23 तक जिले में होगा कौशल तिहार

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरणए रायपुर के दिशा निर्देशानुसार जिले में आगामी 21 से 23 जुलाई तक कौशल तिहार 2025 के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित अथवा प्रशिक्षणरत हितग्राहियों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में राज्य कार्यालय द्वारा निर्धारित 10 सेक्टरों में से जिले के लिए जनरल ड्यूटी असिस्टेंट हेल्थ केयर सेक्टर को चुना गया है। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति गठित की गई है।

## स्वच्छता रैंकिंग में पिछले साल के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन, टॉप 100 में रायगढ़

# रायगढ़ ने मारी 39 की छलांग, स्वच्छता रैंकिंग में देशभर में मिला 56वां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत सरकार ने स्वच्छा रैंकिंग का रिजल्ट जारी कर दिया है। पिछले साल की तुलना इस साल रायगढ़ नगर निगम ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल रायगढ़ नगर निगम ने 39 पायदान उपर छलांग मारते हुए पूरे देश में 56वां स्थान हासिल किया है। टॉप 100 शहर में हमारा रायगढ़ शहर भी शामिल रहा है।

दरअसल पिछले साल स्वच्छता रैंकिंग की रेस में रायगढ़ नगर निगम काफी पिछड़ गया था। सफाई के नाम पर लाखों खर्च करने के बाद भी निगम को देशभर में रैंकिंग में 95 तो प्रदेश में 11वां स्थान मिला था। इस साल सफाई को लेकर निगम का प्रयास अच्छा रहा। क्योंकि पिछले साल की तुलना में रायगढ़ नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर बेहतर कार्य किया गया है।

इसी का परिणाम रहा कि पूर्व के रैंक से रायगढ़ नगर निगम ने 39 शहरों को पछाड़कर 56 नंबर पर काबिज हुआ है। रायगढ़ नगर निगम को 50 हजार से 3 लाख तक के जनसंख्या वाले शहरों की स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रतिभागी दर्ज कराई गई थी, जिसमें शहर को 56वां स्थान मिला है।



### प्रदेश में आ सकता है 7वां या 8वां स्थान

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार अभी छत्तीसगढ़ के जिलों में स्वच्छता रैंकिंग का रिजल्ट नहीं आया है। निगम के कर्मचारियों द्वारा जनसंख्या के आधार पर कैल्कुलेशन किया जा रहा है तो इस बार रायगढ़ नगर निगम को प्रदेश में 7वां या 8वां स्थान मिलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि कुछ दिनों में यह स्पष्ट हो जाएगा।

### देश के 4889 शहरों ने लिया था सर्वेक्षण में भाग

स्वच्छता सर्वेक्षण में भारत के 4889 शहरों ने अलग-अलग जनसंख्या कैटेगरी में हिस्सा लिया था। इसमें 20 से 50 हजार जनसंख्या, 50 हजार से 3 लाख तक की जनसंख्या, 3 लाख से 5 लाख तक की जनसंख्या, 5 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या व 10 लाख से ऊपर महानगरों की जनसंख्या को अलग-अलग श्रेणियां में रखकर स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग किया गया।

### तीन साल में नेशनल रैंकिंग के आंकड़े

| वर्ष | - | रैंकिंग |
|---|---|---|
| 2022 | - | 39 |
| 2023 | - | 95 |
| 2024 | - | 56 |

## जमीन विवाद में चचेरे भाइयों ने भाई की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सलीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुशभाठा में जमीन विवाद को लेकर चचेरे भाइयों ने मिलकर अपने ही भाई की हत्या कर दी है। मारपीट की इस घटना में मृतक की पत्नी व बेटा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

दरअसल मृतक सोहन मरकाम अपनी पत्नी सुकमति और बेटे व्यंकटेश मरकाम के साथ अपने खेत में बोवाई का कार्य कर रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोग हमारे खेत में क्यों बोवाई कर रहे हो कह कर लाठी डंडा और टांगी से इन पर हमला कर दिए। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए पिथौरा ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान सोहन मरकाम की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल मृतक की पत्नी और बेटे का इलाज जारी है। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी विजय ठाकुर ने बताया कि अभी घायल लोगों का बयान लिया जाएगा, जिसके आधार पर अगर इस मामले में अन्य आरोपी भी शामिल होंगे तो उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### पुलिस ने इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने हत्या के आरोप में राजेन्द्र मरकाम 27 साल, मुकेश मरकाम 34 साल, रमेश मरकाम 48 साल, नरेश मरकाम 50 साल, लकेश्वर मरकाम 70 साल, ओमप्रकाश मरकाम 35 साल और निरेन्द्र मरकाम 36 साल निवासी ग्राम कुशभांठा को गिरफ्तार किया है।

## दुकान खाली करने नोटिस को चुनौती, हाईकोर्ट से स्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के रामनिवास टाकीज चौक में संचालित रेडक्रास की 11 दुकानों को खाली करने के नोटिस तत्कालीन कलेक्टर ने दिए थे। जिसे वहां के व्यवसायियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर उन्हें राहत मिलते हुए कोर्ट ने स्टे का आदेश दिया है।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधीन संचालित भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जिला शाखा रायगढ़ को 19 जून 2025 को दुकान के संबंध में नोटिस दिया गया था। नोटिस में कहा गया था कि दुकान अनुबंध पत्र



1 जनवरी 2002 में वर्णित शर्तों के आधार पर किराए पर दी गई थी। अनुबंध पत्र में उल्लेखित कंडिका 2 के अंतर्गत लीज अवधि 31 दिसंबर 2011 को समाप्त हो चुकी है। इस संबंध में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा मार्च 2012 व 2013 को दुकान खाली करने का पत्र भेजा गया। इस पर लीज अवधि समाप्त होने के कारण आवंटित दुकान को खाली करने का फरमान दिया गया और विशेष तौर पर कार्यालय को भी सूचित करने को कहा गया। उधर नोटिस मिलते ही दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। व्यवसायी प्रशासनिक पत्र के जवाब खोजने की जुगत में लग रहे। वर्षों से संचालित दुकानदारों में रोजी-रोटी खोने का भय सताने लगा। इस बीच पत्र के जवाब तथा दुकान खाली नहीं करने पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर ने 2 जुलाई को फिर से सभी दुकानदारों को नोटिस थमाया और नियम कानून को दोहराते हुए 3 दिन के भीतर उक्त दुकानों को खाली करने का आदेश दिया। खाली नहीं करने की सूरत में ⏭ शेष पेज 2 पर

## 8 सीसीटीवी कैमरों में आरोपी कैद, फिर भी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

श्याम मंदिर में लाखों की चोरी करने वाला आरोपी मंदिर परिसर में लगे 8 अलग-अलग सीसीटीवी कैमरों में कैद है, फिर भी चार दिन बाद तक पुलिस के हाथ खाली हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को बिलासपुर रेंज आईजी डॉ संजीव शुक्ला रायगढ़ पहुंचे। उन्होंने श्याम मंडल कमेटी को जल्द ही आरोपी को पकड़ने का भरोसा दिलाया है। सुबह करीब 11 बजे आईजी डॉ संजीव शुक्ला श्याम मंदिर पहुंचे। उनके साथ एसपी दिव्यांग पटेल व अन्य अधिकारी मौजूद थे। डॉ शुक्ला ने घटना स्थल का बारीकी से मुआयना किया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें चोरी से जुड़ी पूरी जानकारी दी। चर्चा के दौरान डॉ शुक्ला ने मंडल पदाधिकारियों से कहा कि ऐसा नहीं है कि घटना को कुछ दिन बीत गया तो पुलिस की रुचि कम हो जाएगी। जब तक चोर पकड़ा नहीं जाएगा, पुलिस पूरी ताकत से लगी रहेगी। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**

- श्याम मंदिर में लाखों की चोरी का मामला, रायगढ़ पहुंचे बिलासपुर रेंज आईजी



### श्याम मंडल देगा 51 हजार का इनाम

श्याम मंदिर में हुई चोरी की घटना से श्याम प्रेमियों में अत्यंत रोष है। शहरवासी इस घटना को अत्यंत ही निंदनीय कृत्य मान रहे हैं। श्याम मंडल के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा ने जिले व शहरवासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि आरोपी का पता लगाकर सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रुप से गोपनीय रखा जाएगा। सूचना देने वाले व्यक्ति को 51 हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### आमजन से अपील

शहर में एसपी के अलावा, एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, साइबर सेल प्रभारी जैसे अनुभवी पुलिस अधिकारी हैं। इसके बाद भी एक चोर रायगढ़ पुलिस को थका रहा है। ऐसा लग रहा है कि पुलिस को खुद पर भरोसा नहीं है, यही कारण है कि पुलिस अब चोर को पकड़ने के लिए आमजन से अपील कर रही है। पुलिस द्वारा चोरी हुए धार्मिक आभूषणों की तस्वीरें सार्वजनिक की गई है। वहीं आम नागरिकों, सराफा व्यवसायियों व ज्वेलर्स से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त चोरी गए आभूषणों की बिक्री या गिरवी रखने के लिए संपर्क करता है तो तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दें।




## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट मेला 23 जुलाई को

**रायगढ़।** योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 23 जुलाई को को शासकीय आईटीआई बोईरदादर रायगढ़ में प्रातः 9 बजे से प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र में रिक्त विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाए रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जिले में 548.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 17 जुलाई तक 548.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 629 मिली मीटर, पुसौर में 617.1, खरसिया में 538.2, घरघोड़ा में 507.5, तमनार में 392.4, लैलूंगा में 492.6, मुकडेगा में 625.6, धरमजयगढ़ में 469.1, छाल में 526.6 एवं कापू में 683 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**रायगढ़।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पीएमआरबीपी के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार बहादुरी, सामाजिक सेवाए पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी. इन छह श्रेणियों में दिए जाते हैं। 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया हैए वे नामांकन के लिए पात्र होंगे। ऐसे बच्चों को 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उपलब्ध नियमावली एवं दिशा.निर्देश भी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम तपकरा निवासी स्व.स्वर्ण तिग्गा का मधुमक्खी के काटने से 29 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके भाई अनिल तिग्गा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अग्निवीर वायु सेना में भर्ती आवेदन 31 तक

**जशपुरनगर।** भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा मप्र एवं छत्तीसगढ़ के अविवाहित महिला एवं पुरूष आवेदकों से अग्निवीर वायु वर्ष 2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। आवेदन वेबसाईट पर 31 जुलाई 2025 रात्रि 11.00 बजे तक किये जा सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर वायु में आवेदन करने हेतु आवेदक के लिए योग्यता निर्धारित की गई है। जिसमे तहत आवेदक का जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ होना होगा और जो 10 + 2 या समकक्ष विज्ञान समुह फिजिक्स, मैथ्स, और अग्रेंजी में किसी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय या राज्य या केन्द्र शासित बोर्ड से न्युनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अग्रेंजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो व 12 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाईल, कम्प्यूटर साईस, इन्स्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी, इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी मान्यता प्राप्त बोर्ड राज्य अथवा केन्द्र शासित से 50 प्रतिशत अंकों के साथ तथा जिसमें इन्टरमिडिएट, मैट्रिकुलेशन में अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक हो व 02 वर्षीय व्यावसायिक कोर्स या इन्टरमिडिएट-मैट्रिकुलेशन में अग्रेंजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ जिसमें अंग्रेजी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हो तथा जो छत्तीसगढ़ का निवासी है ऑनलाईन पंजीयन करवा सकतें है।

---

#### राजस्व विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल, की गई विधिवत आपत्ति

# जमीन तबादले पर बवाल, ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर




जमीन तबादले को लेकर रायगढ़ जिले के बरमुडा गांव में असंतोष और आक्रोश चरम पर है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब राजस्व विभाग द्वारा एक पूरे गांव की शासकीय भूमि के बदले 15 किलोमीटर दूर किसी अन्य गांव की निजी भूमि को तबादले में देने की कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीणों ने इस कदम का कड़ा विरोध किया है और इसे जनहित के खिलाफ बताते हुए इसे रुकवाने कानूनी मोर्चा खोल दिया है।

ग्राम बरमुडा पटवारी हल्का नं. 25,तहसील रायगढ़ की खसरा नंबर 144/2, रकबा 3.645 हेक्टेयर शासकीय भूमि के बदले में रायगढ़ निवासी शिव अग्रवाल द्वारा पुसौर तहसील के ग्राम धनुहारडेरा स्थित ख नं. 117/11 और 117/12, कुल रकबा 1.001 हेक्टेयर निजी भूमि देने का प्रस्ताव दिया गया है। यह सूचना 16 जुलाई को प्रकाशित इश्तिहार के माध्यम से ग्रामीणों को मिली, जिसके बाद उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त शासकीय भूमि पर उनके निजी आवास, मंदिर, निस्तारी तालाब, सामुदायिक भवन आदि वर्षों से स्थित हैं। ऐसे में इस भूमि का तबादला पूरी तरह जनविरोधी कदम है।

#### कानूनी आपत्ति और विरोध प्रदर्शन

बुधवार को सैकड़ों ग्रामीण तहसील कार्यालय पुसौर पहुंचे और वकील हंसराम पटेल के माध्यम से विधिवत आपत्ति दर्ज कराई। इस मामले में धनुहारडेरा के सरपंच हेमांशु चौहान ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि जिस निजी भूमि की पेशकश की गई है, वह एक व्यक्ति की निजी जरूरत की भूमि है। उस पर किसी अन्य गांव की बस्ती बसाना पंचायत हित में नहीं है। धनुहारडेरा और बिंजकोट पंचायत के निवासियों ने तबादले के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है।

#### लाभ पहुंचाने का आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार आम जनता की बजाय पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। यह तबादला प्रक्रिया इस बात का प्रतीक बन गई है। बरमुडा के लोग पहले भी प्रशासनिक असमंजस का शिकार होते रहे हैं कभी वे लैलूंगा विधानसभा में आते हैं तो कभी रायगढ़ विधानसभा में। फिलहाल यह रायगढ़ नगर निगम के वार्ड क्रमांक 48 में आता है जहां के पार्षद विष्णुचरण पटेल ग्रामीणों के साथ मिलकर विरोध का नेतृत्व कर रहे हैं।

---



# हाथियों ने 13 किसानों की फसल को रौंदा, 4 मकानों को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ वन मंडल में बीती रात हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 13 किसानों की फसल को रौंदते हुए 4 ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया है। वन विभाग की टीम नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों अलग-अलग दलों में कुल 107 हाथी जंगलों में विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल में नर 27, मादा 49 व 31 बच्चे शामिल हैं। बीती रात हाथियों के दल ने धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में मकानों व फसलों को मिलाकर 17 जगह नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के दल ने पोटिया में 1, मदनपुर में 2, सोहनपुर में 2, कटमोहलीपारा, विजयनगर में 8 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह दर्रीडीह में 3 घरों के अलावा रैरूमा में भी 1 मकान को क्षति पहुंचाया है। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

---

# मरंगीपाठ में सर्पदंश से कोरवा महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के बगीचा जनपद अंतर्गत मरंगीपाठ गांव में सर्पदंश की एक और हृदयविदारक घटना सामने आई है। 40 वर्षीय भूली बाई कोरवा की मौत समय पर इलाज न मिल पाने के कारण हो गई। यह हादसा सिर्फ एक परिवार के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण ग्रामीण व्यवस्था और सरकारी तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

घटना बुधवार रात की है जब भूली बाई अपने अधूरे प्रधानमंत्री आवास में परिवार सहित जमीन पर सो रही थी। रात करीब 2 बजे सांप ने उन्हें पैर में डंस लिया। परिवार ने तुरंत उन्हें इलाज के लिए ले जाने की कोशिश की, लेकिन बरसात और कच्ची दुर्गम सड़कें सबसे बड़ी बाधा बन गईं। गांव से लगभग 7-8 किमी दूर जाकर बोलेरो वाहन की व्यवस्था की गई। भूली बाई को अंबिकापुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में शंकरगढ़ पहुंचते ही सुबह करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। शंकरगढ़ अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। परिजनों ने जनप्रतिनिधियों को सूचना दी, लेकिन पंचनामा व पोस्टमार्टम की प्रक्रिया दोपहर 1 बजे शुरू हो सकी। वहीं, गांव के सचिव उपनन्द यादव ने जनपद सीईओ को शव के स्थान को लेकर गलत जानकारी दी, जिससे प्रशासनिक भ्रम की स्थिति बनी रही। घटना के दौरान गांव में न कोई स्वास्थ्यकर्मी, न मितानिन और न ही सचिव सक्रिय दिखाई दिए। यह स्थिति सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। भूली बाई का पीएम आवास आज भी अधूरा है। न खिड़की है, न दरवाज़ा। पुराना मकान जर्जर हो चुका है और परिवार खुले में रहने को मजबूर है।

#### 8 मासूम अनाथ कौन संभालेगा भविष्य?

भूली बाई के पहले पति से 4 और वर्तमान पति से भी 4 बच्चे हैं। मां की मौत ने इन 8 मासूमों को अनाथ बना दिया है। अब उनका भविष्य गहरी अनिश्चितता और अंधकार में डूब गया है।

#### क्या गरीबों की जान की कोई कीमत नहीं?

यह घटना प्रशासन की नाकामी और ग्रामीण विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को उजागर करती है। कब तक गरीब परिवार कच्ची सड़कों और अधूरे घरों में जान गंवाते रहेंगे? क्या शासन-प्रशासन इन घटनाओं से सबक लेगा?

#### ग्रामीणों में आक्रोश, आश्वासन नहीं ठोस कार्रवाई की मांग

बगीचा जनपद के सीईओ केके श्रीवास ने वाहन उपलब्ध कराने की बात कही है, लेकिन ग्रामीणों की मांग है कि अब सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई की जरूरत है — चाहे वह सड़क निर्माण हो, पीएम आवास की पूर्णता, या प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता।

---

**संसाधन नहीं तो काम नहीं**

# तहसीलदारों का सरकार को अल्टीमेटम चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी


ज्ञापन सौंपते तहसीलदार।

**जशपुरनगर।** राज्य के राजस्व अमले में एक बार फिर असंतोष की चिंगारी भड़क उठी है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने संसाधन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ सरकार को सीधी चेतावनी दी है। गुरुवार को प्रदेशभर में जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपते हुए तहसीलदारों ने साफ किया कि यदि 26 जुलाई तक शासन ने उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसमें राजधानी में धरना-प्रदर्शन से लेकर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार तक की रणनीति तय की गई है।

- **प्रदेश के सभी कलेक्टरों को सौंपा गया ज्ञापन**

संघ के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश की अधिकांश तहसीलों में मानव संसाधन, तकनीकी सुविधा, शासकीय वाहन, कंप्यूटर ऑपरेटर और सुरक्षाकर्मियों का घोर अभाव है। नतीजतन, तहसीलदारों को सामान्य प्रशासन, राजस्व न्यायालय, भूमि अभिलेख, किसान सेवाएं, कानून-व्यवस्था और जनदर्शन जैसे कार्यों में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।संघ ने आरोप लगाया है कि पिछले तीन वर्षों से शासन को लगातार ज्ञापन, स्मरण-पत्र और बैठकें कर समस्याओं से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसके चलते अधिकारी मानसिक दबाव और अव्यवस्था के बीच कार्य करने को मजबूर हैं। संघ के द्वारा चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। पहले चरण में गुरुवार को जिला कलेक्टरों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद 21 से 26 जुलाई सभी तहसीलों में निजी संसाधनों वाहन,इंटरनेट,स्टाफ का उपयोग बंद किया जाएगा। 28 जुलाई को जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश और विरोध प्रदर्शन। 29 जुलाई को संभाग राज्य स्तर पर अवकाश और प्रदर्शन। 30 जुलाई को राजधानी रायपुर में व्यापक धरना प्रदर्शन किया जएगा। इसके पश्चात भी यदि शासन मौन रहा, तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप के अनुरूप कंप्यूटर ऑपरेटर, वाहन चालक, भृत्य, नाजिर सहित अन्य पदों की शीघ्र पदस्थापना। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर 50:50 पदोन्नति नीति का क्रियान्वयन। नायब तहसीलदार को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा देने की पूर्व घोषणा का अमल। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के ग्रेड पे में लंबित सुधार को शीघ्र लागू किया जाए।सभी तहसीलों में शासकीय वाहन अथवा वाहन भत्ता उपलब्ध कराया जाए। निलंबन प्रकरणों में वैध प्रक्रिया के तहत अधिकतम 15 दिनों में जांच पूर्ण कर निर्णय लिया जाए। न्यायालयीन आदेशों को जनशिकायत प्रणाली से पृथक रखा जाए। एफआईआर दर्ज करने से पूर्व न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान हो, न्यायाधीश प्रोटेक्शन एक्ट 1985 के तहत।कोर्ट ड्यूटी और प्रोटोकॉल ड्यूटी के बीच अलगाव, ताकि न्यायिक कार्य बाधित न हो। आउटसोर्सिंग के तहत नियुक्तियों का अधिकार तहसीलदार को प्रदान किया जाए।

---

# स्कूटी व बाइक में टक्कर, दो गंभीर



**जशपुरनगर।** जिले के ऊपरकछार चौकी क्षेत्र अंतर्गत सिंगीबहार के पास गायडगरी तालाब के समीप गुरुवार को दोपहर एक सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने सामने से आ रही स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए औरर दोनों सवार सड़क किनारे जा गिरे।

### सांसद ने ली खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** लोक सभा सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना पर किए गए खर्चों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

# संत जेवियर्स स्कूल में अलंकरण समारोह छात्र परिषद को मिली जिम्मेदारी



अलंकरण समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

**जशपुरनगर।** संत जेवियर्स स्कूल शांति भवन में गुरुवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से पद की शपथ दिलाई गई और उन्हें उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

समारोह में छात्र नेताओं को बैज, पट्टे और झंडे प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्र परिषद ने निष्ठा, समर्पण और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज खलखो सहायक संचालक, शिक्षा विभाग रहीं। उन्होंने अपने भाषण में छात्र नेताओं को समूह में नेतृत्व करने, अनुशासन बनाए रखने और सकारात्मक स्कूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने प्रिंसिपल फादर अलेक्स लकड़ा और उनकी टीम के शैक्षणिक व प्रशासनिक प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन को विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती दीपा गुप्ता एपीसी संग्रह शिक्षा, जशपुर और विद्यालय की पूर्व छात्रा की उपस्थिति ने विशेष बना दिया। उन्होंने भी बच्चों को जिम्मेदारी का अर्थ समझाते हुए कर्तव्यनिष्ठ बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

---

# ग्रामीण प्रतिभाओं को मिले नवोदय का मार्ग


बैठक में उपस्थित संकुल समन्वयक।

**महादेवडांड़।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा 16 जुलाई बुधवार को जनपद सभागार में संकुल समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप राठिया और एसडीओपी दिलीप कोशले विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अधिकारी स्वयं नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिभाशाली ग्रामीण छात्रों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम में अपनी बात रखी।

#### क्या था बैठक का उद्देश्य

ग्रामीण क्षेत्रों के योग्य छात्रों को नवोदय विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क शिक्षा और सुविधाओं की जानकारी देना एवं उन्हें प्रवेश के लिए प्रेरित करना।

#### क्या कहते है प्राचार्य

नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सोम नाथ मलिक ने जानकारी दी कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नवोदय विद्यालयों में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। विद्यालय में शिक्षा, आवास, भोजन एवं यूनिफॉर्म आदि सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

#### एसडीओपी की अपील

एसडीओपी दिलीप कोशले ने सभी शासकीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से अपील की कि वे अपने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें तथा आवश्यक मार्गदर्शन दें।

---

# रामलला दर्शन योजनाः आस्था, संस्कृति सामाजिक समरसता का प्रतीक




**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भगवान श्री राम के प्रति आस्था जगजाहिर है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन योजना न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों को अयोध्या में स्थित श्री रामलला के दर्शन का सुअवसर प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है, यहां के लोग उन्हें भांचा राम के नाम से भी जानते हैं। भगवान श्री राम के प्रति आस्था प्रदेश के कण कण पर व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन के बाद लोग अपने आप को धन्य महसूस करते हैं। जशपुर जिले में योजना प्रारंभ से अब तक 986 रामभक्तों ने अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन किए हैं। दर्शन के बाद रामभक्तों के चेहरे पर झलकती संतुष्टि और आत्मिक खुशी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के प्रति कृतज्ञता का भाव उनमें साफ झलकता है। श्री रामलला दर्शन योजना प्रदेश की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और श्री राम के आदर्शों को सामाजिक चेतना में पुनः स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन रही है।

ट्रेन रवाना करते समय बजते भजन, भगवान श्री राम की जयकारे की गूंज, यात्रियों के चेहरे से झलकती खुशी आस्था और सांस्कृतिक उत्सव का वातावरण रचते हैं। श्री रामलला दर्शन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की अद्भुत पहल उन लोगों के लिए आशा की किरण बनी है, जो जीवन में कभी अयोध्या नहीं जा पाए थे। यह केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि भगवान श्री राम के प्रति आस्था और उनके आदर्शों को अपने जीवन मूल्य में अपनाने की एक पहल भी है।

---

#### व्यावसायियों को प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी तथा संपत्ति कर पटाने के निर्देश

# नगर विकास के लिए कलेक्टर ने व्यापारियों से की चर्चा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में बुधवार को नगर के विकास हेतु जिला कार्यालय सभाकक्ष में नगर के व्यवसायियों के साथ चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह भी उपस्थित रहे।

- **बिना प्रिसक्रिप्शन शेड्यूल्ड दवाइयां ना विक्रय करने दवा विक्रेताओं को दी हिदायत**

इस बैठक में कलेक्टर ने शहर के विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए व्यवसायियों एवं व्यापार संघ के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए। नगर में सड़क सुरक्षा की दृष्टि से स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप स्थापना, सीसीटीवी स्थापना, सड़क सुधार, स्ट्रीट लाइट पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि जिले में सभी नगरीय निकायों में सुरक्षा हेतु सीसीटीवी स्थापना के लिए योजना का निर्माण किया जा रहा है एवं सभी की सहमति से आवश्यकता वाले स्थानों पर वाहनों की गति नियंत्रित करने हेतु प्रयास भी किये जायेंगे। उन्होंने सभी से दुपहिया वाहनों पर हेलमेट और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट अवश्य लगाने की अपील करते हुए कहा कि सभी को प्रेरित करने नगर के व्यवसायियों को भी इसके लिए पहल करनी चाहिए, जिसपर सभी ने अपनी सहमति दी। कलेक्टर ने सभी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों में सामने की ओर सीसीटीवी स्थापना कर शहर सुरक्षा में अपना सहयोग देने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में कुछ छोटी उम्र के बच्चों द्वारा सस्ते नशों के सेवन पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी भी छोटी उम्र के बच्चों के मादक पदार्थों का विक्रय ना करने की अपील की। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना प्रिसक्रिप्शन के शेड्यूल्ड दवाइयां विक्रय ना करने की हिदायत दी। नगर के विकास हेतु नगर पालिका के राजस्व में वृद्धि की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने सभी व्यवसायियों से समय पर संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज भुगतान करने हेतु अपील की। उन्होंने कहा कि जितना अधिक राजस्व नगर पालिका को प्राप्त होगा नगर का विकास तीव्र गति से किया जा सकेगा। व्यवसायियों द्वारा टैक्स के ऑनलाइन पेमेंट की व्यवस्था की मांग भी की गई। जिसपर कलेक्टर ने बताया कि नगर के सभी घरों एवं प्रतिष्ठानों को यूनिक घर संख्या प्रदान कर सभी सेवाओं को ऑनलाइन प्रदान करने के लिए डिजिटल डोर नम्बर लगाने की प्रक्रिया चालू की जा चुकी है। इससे सभी नागरिकों को विभिन्न नगरीय निकायों की सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त हो सकेंगी।


नगर विकास के लिए व्यापारियों से चर्चा करते श्री व्यास।

---

## पेज 1 के शेष...

### दुकान खाली करने...

एकपक्षीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। इन सभी वस्तु स्थिति से हैरान परेशान व्यवसाइयों ने अधिवक्ता उच्च न्यायालय हरि अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां प्रकरण की सुनवाई में न्यायाधीश ने दुकानदारों तथा रेडक्रास के पक्ष और तर्कों पर उन्हें राहत देते हुए आगामी आदेश तक स्टे दिया है। जिसमें आगामी आदेश तक दुकानों में किसी तरह की कार्रवाई स्थगित है।

**8 सीसीटीवी कैमरों में आरोपी कैद फिर भी पुलिस के हाथ खाली**

ज्ञात हो कि 13-14 जुलाई की दरमियानी रात श्याम मंदिर में करीब 25 लाख की चोरी हुई थी। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर मंदिर में घुसा और भगवान पर चढ़ाए गए सोने का मुकुट, छत्र, आभूषण सहित दान पेटी से नकदी लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह मंदिर के पुजारी और श्याम मंडल को लगी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। रायगढ़ पुलिस द्वारा शहर में सीसीटीवी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। व्यापारियों से शहर में कैमरे लगवाए जा रहे हैं, लेकिन जब 8 सीसीटीवी कैमरे में आरोपी नजर आने के बाद भी पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही है तो फिर कैमरे का क्या फायदा। कैमरा तो आरोपी तक पहुंचने का एक जरिया होता है, काम तो पुलिस को ही करना पड़ता है। जिस तरह श्याम मंदिर में आरोपी ने खुद के उपर सफेद रंग की प्लास्टिक ढककर मुंह में कपड़ा बांधा था, वैसे ही अगर सभी वारदातों में चोर कैमरे से बचने के लिए इसी तरह के तरीके अपनाएं तो शायद आरोपी पकड़े ही नहीं जाएंगे।




# वॉर 2 का नया पोस्टर जारी, ऋतिक एनटीआर के बीच जबरदस्त टक्कर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वॉर 2 का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में फिल्म के तीनों लीड एक्टर्स ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के किरदार के बीच जबरदस्त टक्कर की झलक है। इस पोस्टर पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। वॉर 2 के पोस्टर में ऋतिक हाथों में तलवार लिए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर एनटीआर भी गुस्से में हैं। वहीं, कियारा आडवाणी हाथ में बंदूक लिए दिख रही हैं। साथ ही पोस्टर में नीचे ऋतिक और जूनियर एनटीआर बोट पर एक-दूसरे का सामना कर रहे हैं। ऋतिक को अपनी एक्शन इमेज के लिए बॉलीवुड में जाना जाता है।

## लाइफ Style

# कैटरीना

## बॉलीवुड को दिए बेहतरीन आइटम नंबर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड को टाइगर 3, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान, फितूर, धूम 3, जब तक है जान, दे दना दन और अजब प्रेम की गजब कहानी जैसी फिल्में दी हैं। उन्होंने कई फिल्मों के आइटम नंबर में बेहतरीन डांस किया है। साल 2013 में आमिर खान की फिल्म धूम 3 रिलीज हुई थी।


इस फिल्म में कैटरीना कैफ ने 'कमली कमली' गाने पर बेहतरीन डांस किया। इस गाने में उनके एनर्जेटिक डांस को देखकर उनके फैंस हैरान रह गए। इस गाने को सुनिधि चौहान ने आवाज दी। इसका म्यूजिक प्रीतम ने दिया था जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा था। साल 2010 में अक्षय कुमार की अदाकारी वाली फिल्म 'तीस मार खान' रिलीज हुई। इस फिल्म का गाना 'शीला की जवानी' बहुत मशहूर हुआ। यह हर शादी और दूसरे समारोहों में खूब बजाया गया। इस गाने को विशाल ददलानी और सुनिधि चौहान ने गाया था। इसके बोल विशाल ददलानी ने ही लिखे थे। इस गाने को विशाल शेखर ने म्यूजिक दी थी। कैटरीना कैफ का गाना 'काला चश्मा' आज भी लगभग हर पार्टी और फंक्शन में बजता है। गाने पर कैटरीना कैफ ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ जबरदस्त डांस किया था। इस गाने के स्टेप को भी खूब कॉपी किया गया। यह गाना फिल्म 'बार बार देखो' का है। इस गाने को अमर अर्शी, बादशाह और नेहा कक्कड़ ने आवाज दी है। इस गाने को अमरीक सिंह और कुमार ने म्यूजिक दी थी। साल 2008 में आई फिल्म 'रेस' में 'जरा जरा टच मी' गाना था। इस गाने को युवा लोगों ने खूब पसंद किया।

## हॉलीवुड मसाला



# मंगेतर बेनी की दुल्हन बनेंगी सेलेना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर सिंगर और एक्ट्रेस सेलेना गोमेज और म्यूजिक प्रोड्यूसर बेनी ब्लैंको ने आखिरकार अपनी शादी की तारीख तय कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये स्टार कपल सितंबर 2025 में कैलिफोर्निया के मोंटेसीटो में शादी करने जा रहा है। खास बात ये है कि ये शादी के पूरे रिति-रिवाजों को दो दिन में पूरा किया जाएगा और इसमें इंडस्ट्री के कई चर्चित चेहरे शामिल होने वाले हैं। पिछले कुछ महीनों से ये कपल अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बना हुआ है।




# 2009 से अमेरिकन आइडल से जुड़ी थीं रॉबिन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर रियलटी शो अमेरिकन आइडल की सुपरवाइजर रॉबिन केय और उनके संगीतकार पति टॉम डेलुका लॉस एंजिल्स के अपने घर में मृत पाए गए। दोनों के शव तब मिले जब उनके घर पर वेलफेयर चेकिंग के लिए अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने वहां पर गोली लगने से घायल हुए एक महिला और पुरुष के शव देखे। बाद में उनकी पहचान रॉबिन केय और उनके पति टॉम डेलुका के रूप में हुई। अमेरिकन आइडल के प्रवक्ता ने अपने एक बयान में कहा कि रॉबिन 2009 से आइडल परिवार की आधारशिला रही हैं और उनके संपर्क में आने वाले सभी लोग उन्हें प्यार और सम्मान देते थे। वो हमेशा हम सभी के लिए खास रहेंगी।



# सच्ची घटना पर फिल्म करना आसान नहीं

**मुंबई।** मोहब्बतें फेम अभिनेत्री प्रीति झांगियानी को आखिरी बार 2017 में रिलीज हुई फिल्म तावड़ो में देखा गया था। अब वे फिल्म उदयपुर फाइल्स में पत्रकार अंजना सिंह की भूमिका निभा रही हैं। सच्ची घटना पर आधारित यह फिल्म इन दिनों चर्चा में है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार काम कर रही थी। फिल्में न सही, लेकिन ऐड फिल्म्स, शोज और कई प्रोजेक्ट्स से जुड़ी हुई थी। बात करूं इस फिल्म की तो ये एक सच्ची घटना पर बनी है और मुझे हमेशा से ऐसी कहानियां पसंद हैं जो असल जिंदगी से जुड़ी हों। जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो बिना देर किए तुरंत हां कर दी। इस तरह की कहानी पर काम करना किसी भी कलाकार के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। ये सिर्फ एक किरदार निभाने की बात नहीं होती। ये एक असल इंसान का दर्द और उसकी तकलीफ को पर्दे पर लाने की जिम्मेदारी होती है।



# हमेशा के लिए बदल गई हमारी दुनिया...

**मुंबई।** बॉलीवुड के लवली कपल में शामिल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के घर नन्ही परी आई है। कपल ने अब एक ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी कर इस बात की जानकारी दी है। इसके बाद फैंस दोनों को बधाइयां दे रहे हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के बेटी होने की खबर मंगलवार रात सामने आई थी। अब बुधवार कपल ने खुद इस बात की जानकारी दी है कि वो एक प्यारी सी बेटी के पैरेंट्स बन गए हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट में लिखा है, हमारे दिल खुशियों से भरे हैं और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है। हमें बेटी की प्राप्ति हुई है। पोस्ट में नीचे सिद्धार्थ और कियारा के नाम लिखे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सिद्धार्थ ने सिर्फ दिल, नजर और हाथ जोड़े वाले इमोजी का इस्तेमाल किया है।

## टीवी मसाला



# सुम्बुल तौकीर का तेज दिमाग देख बिग बी भी रह गए दंग

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉप्युलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' अमिताभ बच्चन के साथ जल्द आने वाला है। इसकी रिलीज डेट तो कुछ समय पहले ही आई थी। लेकिन, अब एक नया प्रोमो आया है, जो हर किसी का ध्यान खींच रहा है। क्योंकि, इसमें सुम्बुल तौकीर खान हैं और इसे अभिषेक बच्चन ने बहुत ही अलग अंदाज में शेयर किया कि हर किसी को बिग बी की 'अग्निपथ' याद आ गई। 'कौन बनेगा करोड़पती सीजन 17' अगले महीने की 11 अगस्त से रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा अभिषेक बच्चन ने यहां अमिताभ बच्चन के उस एक्सेंट में अपॉइंटमेंट लिखा है, जो उन्होंने 'अग्निपथ' में इस्तेमाल किया था। इसके अलावा, प्रोमो में सुम्बुल तौकीर खान एक रेस्टोरेंट की मैनेजर के रूप में दिख रही हैं, जो कुछ नौजवानों को मंचूरियन की उत्पत्ति के बारे में बता रहे हैं। और ये देख अमिताभ बच्चन इम्प्रेस हो जाते हैं। वह टशन में वहां से गुजर जाती हैं। इस प्रोमो में बेनहाफशा भी दिखाई दे रही हैं, जो सुम्बुल के किरदार का मजाक उड़ाती हैं। अब थोड़ी ज्ञान की बात। सुम्बुल तौकीर ने जैसा प्रोमो में बताया कि चाइनीज मंचूरियन शेफ नेल्सन वॉन्ग ने 1975 में इंडिया, यहीं मुंबई में इन्वेंट किया था। अब ये सुनकर अमिताभ बच्चन बोलते हैं, 'जहां अकड़ है। वहां अक्ल है।' अब इस लाइन पर लोगों का दिल झूम उठा। यूजर्स ने इसे केबीसी का अब तक का सबसे बेस्ट एड बताया है।

## आशी का हुआ कास्टिंग काउच से सामना

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस आशी सिंह इस वक्त शब्बी अहलूवालिया के साथ 'उफ्फ... ये दिल है मुश्किल' में नजर आ रही हैं। इसके अलावा, वह मुनव्वर फारूकी की सीरीज 'फर्स्ट कॉपी' में भी आफरीन के किरदार में दिखाई दी थीं। वह अपने अभिनय से किसी भी रोल में चार चांद लगा देती हैं। हालांकि, यहां तक पहुंचने के लिए उनको काफी मेहनत करनी पड़ी। बहुत कुछ झेलना पड़ा। इसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू में किया। बताया कैसे उन्होंने कास्टिंक काउच का सामना किया। उन्होंने बताया, 'शुरुआत में मैं ऑडिशन देने जाती थी। मुझे याद है मेरे साथ ऐसा दो-तीन बार हुआ था। लोग मुझे रोल ऑफर करते थे और उसके बदले कुछ करने के लिए कहते थे। कोई था जो चाहता था कि मैं घर पर बैठी रहूं और उसके किसी प्रोजेक्ट के आने का इंतजार करूं। वो मुझमें इन्वेस्ट करना चाहता था। मैं समझ गई थी कि वह किसी और ही दिशा में जा रहा है।' आशी सिंह ने आगे बताया, 'कोई और था, जिसने मुझे पांच लड़कियों में से चुना। उसने मुझसे कहा कि मैं प्रोड्यूसर से अकेले कमरे में मिलूं।



# फरहीन को कहते थे छोटी माधुरी



**नई दिल्ली।** फरहीन खान ने रोनित रॉय के साथ साल 1992 में कल्ट हिट फिल्म 'जान तेरे नाम' से धूम मचाया था। वो रातोंरात फेमस हो गई थी। अपनी प्यारी सी मुस्कान और डांस मूव्स ने उन्हें बॉलीवुड में जगह बनाने में कामयाब कर दिया था। फैंस उन्हें माधुरी की हमशक्ल कहते थे। कई लोग उन्हें 'छोटी माधुरी' बुलाते थे। उनकी पहली ही फिल्म उस दशक की रोमांटिक फिल्मों में से एक बन गई। आज भी इसके गाने लोग याद करते हैं। एक तरफ फरहीन का करियर चरम पर था तो दूसरी तरफ उन्होंने जिंदगी बदल देने वाला बड़ा फैसला लिया। उन्होंने एक हिंदू क्रिकेटर से शादी कर ली। इनका नाम था मनोज प्रभाकर। मनोज का अपने पिछले रिश्ते से एक बच्चा भी था। ऐसे दौर में जब माधुरी, दिव्या भारती, काजोल, करिश्मा कपूर और रवीना टंडन पर्दे पर छाई हुई थीं, फरहीन ने चुपचाप फिल्म जगत से किनारा कर लिया। सिर्फ पांच सालों में उन्होंने 17 फिल्मों में काम किया और फिर अपनी फैमिली लाइफ पर फोकस करने के लिए पूरी तरह से फिल्मों से दूर हो गईं। फरहीन ने हिंदी के अलावा कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी काम किया था। साउथ इंडियन फिल्मों में उन्हें 'बिंदिया' के नाम से क्रेडिट दिया गया। फरहीन और मनोज के दो बेटे हैं। इनका नाम राहिल और मानवांश है। फरहीन और मनोज दोनों ही लाइमलाइट से दूर दिल्ली में रहते हैं। मनोज का पहली वाइफ से हुआ बेटा रोहन और उसकी वाइफ भी उनके साथ ही रहते हैं।

# सेवरेंस सीरीज ने झटके 27 नॉमिनेशन द स्टूडियो और एडोलसेंस की भी धूम

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान हो गया है। इस लिस्ट में सेवरेंस सीजन 2 को जहां 27 नॉमिनेशन मिले हैं, वहीं द स्टूडियो' को 23 नामांकन मिले हैं। बीते दिनों पॉपुलर रही एडोलसेंस को भी 13 नॉमिनेशन मिले हैं। बीते कुछ साल में वेब सीरीज और ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों का बोलबाला बढ़ा है। सिनेमाघरों में रिलीज हो रही फिल्मों से ज्यादा टीवी सीरीज की चर्चा अधिक रहती है। जिस तरह फिल्मों के लिए ऑस्कर अवॉर्ड अहम है, उसी तरह ग्लोबल लेवल पर छोटे पर्दे के सबसे बेहतरीन शोज और फिल्मों में एमी अवॉर्ड का जलवा रहता है। मंगलवार को एमी अवॉर्ड्स 2025 के लिए नॉमिनेशंस में सेवरेंस और द स्टूडियो' की चर्चा सबसे अधिक रही है।

## एमी अवॉर्ड 2025 के लिए नॉमिनेशन का ऐलान



### 'द पेंगुइन को 24 नॉमिनेशन

द स्टूडियो के को-क्रिएटर सेठ रोजेन को अकेले तीन नॉमिनेशन मिले हैं। इनमें एक्टिंग, राइटिंग और डायरेक्शन तीनों शामिल हैं। बैटमैन यूनिवर्स से एचबीओ के डार्क ड्रामा 'द पेंगुइन' को भी लिमिटेड सीरीज में आश्चर्यजनक रूप से 24 नॉमिनेशन मिले हैं, इसमें लीड रोल के लिए कॉलिन फैरेल और क्रिस्टिन मिलियोटी को भी नामांकन मिला है।

### किन भारतीयों को मिला है ये पुरस्कार

एमी अवॉर्ड को आमतौर पर 'एमी' कहा जाता है। यह वैश्विक मंच पर टेलीविजन इंडस्ट्री का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। एमी अवॉर्ड, जहां अमेरिका में प्रसारित होने वाले शोज को दिया जाता है, वहीं एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड अमेरिका से बाहर देशों में बने शोज को दिया जाता है। सबसे पहला एमी अवॉर्ड 1948 में दिया गया था। तब 25 जनवरी, 1949 को हुए समारोह में 6 पुरस्कार दिए गए थे। साल 2023 में एकता कपूर एमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उसी साल वीर दास को भी उनके कॉमेडी स्पेशल वीर दासः लैंडिंग के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड दिया गया।

## नितेश तिवारी की रामायणम फिल्म पर खर्च हो रहे हैं 4000 करोड़

# 38 साल पहले रामानंद सागर ने 7 करोड़ में ही देसी जुगाड़ से बनाया था शो

*नई दिल्ली। नितेश तिवारी की 'रामायणम' 4000 करोड़ में बन रही है और इसके वीएफएक्स पर भी करोड़ों रुपए लगाए गए हैं, पर रामानंद सागर ने 38 साल पहले ऐसी-ऐसी तरकीबें लगाकर जुगाड़ से 7 करोड़ में 'रामायण बना डाली थी कि सब हैरान रह गए। इसने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' की चर्चा शुरू हुई, तभी से रामानंद सागर की 'रामायण' की भी चर्चा होने लगी। रामानंद सागर की 'रामायण' 38 साल पहले बनी थी, और आज भी इसे फिल्म और टीवी की दुनिया में इस पौराणिक महाकाव्य पर बनी फिल्मों और शोज के लिए बेंचमार्क माना जाता है। भगवान राम, सीता और रावण की गाथा पर अब तक कई फिल्में और सीरियल बने, पर वो रामानंद सागर की 'रामायण' को छू भी न सके। करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद वह 'रामायण' के आसपास भी नहीं पहुंचे, जिसे रामानंद सागर ने करीब चार दशक पहले जुगाड़ से शूट किया था। अब जब से नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायणम' का टीजर आया है, तो एक बार फिर रामानंद सागर की 'रामायण' सुर्खियों में है। 'रामायणम' के स्पेशल इफेक्ट्स और बीजीएम की खूब तारीफ हो रही है। 4000 करोड़ के मेगा बजट वाली इस फिल्म के वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स 8 ऑस्कर जीत चुके नमित मल्होत्रा की कंपनी प्राइम फोकस लिमिटेड तैयार कर रही है, जो 'ड्यून', 'स्टार वॉर्स', 'इंसेप्शन' और 'इंटरस्टेलर' जैसी हॉलीवुड फिल्मों का वीएफएक्स तैयार कर चुकी है। लेकिन, यहां हम आपको बता रहे हैं कि रामानंद सागर ने बिना किसी तकनीक और वीएफएक्स के कैसे 'रामायण' बनाई थी।*

### सीडीआई और वीएफएक्स तक नहीं थी पहुंच

80 के दशक में जिस वक्त सीजीआई और वीएफएक्स की तकनीक तक इतनी पहुंच नहीं थी, तब रामानंद सागर ने जुगाड़ से भारतीय टेलीविजन के इतिहास का सबसे सफल और रिकॉर्ड ब्रेकिंग सीरियल बनाया था। 'रामायण' में 78 एपिसोड थे। हर एपिसोड को बनाने में 9 लाख रुपए खर्च हुए थे। इस हिसाब से 'रामायण' 7 करोड़ रुपए में बनकर तैयार हुई थी। इसे पहली बार दूरदर्शन पर साल 1987 में टेलिकास्ट किया गया था।

### रामायणम में तगड़ा वीएफएक्स

वहीं, रामायणम को तीन पार्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इन तीनों पार्ट्स को बनाने में 4000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और स्पेशल इफेक्ट्स होंगे। इसके वीएफएक्स नमित मल्होत्रा की कंपनी डिजाइन कर रही है। नमित 8 बार ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके हैं।



### मोटे पाइप से मोड़कर बनाई थी हनुमान जी की पूंछ

वहीं, हनुमान जी की पूंछ को बड़ा दिखाने के लिए भी जुगाड़ लगाया गया। रबड़ का एक लंबा और मोटा पाइप मंगाकर उसे मोल्ड करके पूंछ बनाई गई। फिर कैमरे की मदद से उसे छोटा और बड़ा दिखाया जाता था।

### असल में 4 फुट का था रावण का महल

अब तो वीएफएक्स के जरिए 'रामायणम' में लंका पति रावण का महल भी खूब आलीशान दिखाया जाएगा, पर रामानंद सागर ने रावण के महल के लिए दिवंगत आर्ट डायरेक्टर हीराभाई पटेल की मदद ली थी। उनके बेटे विपिन पटेल ने 'मेन्स एक्सपी' को एक बार बताया था कि रावण का महल मिनिएचर बनाया गया था। यह सिर्फ 4 फीट ऊंचा था, पर उसे ट्रिक फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से छोटा-बड़ा दिखाया जाता था।

***ऐसे उड़ाया था जटायु :*** 'रामायण' में जटायु को उड़ाए जाने वाले सीन में भी खूब जुगाड़ लगाया गया था, जिसका खुलासा सुनील लहरी ने एक वीडियो में किया था। उन्होंने बताया था कि जटायु का रोल करने वाले एक्टर के हाथ पहले उसके भारी कॉस्ट्यूम पर बांध दिए जाते थे, ताकि वह पंखों को हिला सके। फिर उसे एक हुक की मदद से उड़ाया जाता था।

### तीर टकराने के लिए इस्तेमाल की थी ये तरकीब

रामायण में रामानंद सागर ने युद्ध वाले सीन में तीर और अस्त्रों के टकराव और उससे पैदा होने वाले स्पेशल इफेक्ट्स के लिए जो ट्रिक अपनाई थी, वो हैरान कर देगी। रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर ने बताया था कि जिस समय 'रामायण' बन रहा था, एक नई मशीन सीईजी 2000 लॉन्च हुई थी। उसी की मदद से तीर-कमान वाले स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए गए थे। तीरों के टकराने पर जो रोशनी निकलती, उसके लिए शीशे की मैटिंग और मैकेनिकल इफेक्ट का इस्तेमाल किया गया था।

### अगरबत्ती और धूप से बनाया धुआं, तो रुई से बादल

प्रेम सागर ने बताया था कि उस वक्त कोई स्पेशल कंप्यूटर नहीं थे, जिनसे स्पेशल इफेक्ट्स तैयार किए जा सकें। प्रेम सागर के मुताबिक, रात में शूट करते वक्त बादल बनाने के लिए उन्होंने रुई का इस्तेमाल किया था। रुई को बादल की शेप देकर कैमरे पर चिपका दिया जाता और फिर शूट किया जाता। वहीं, अगरबत्ती के धुएं से उन्होंने कोहरा बनाया था।

## खबर संक्षेप



### लॉयंस क्लब ने स्कूलों में किया पौधरोपण

**रायगढ़।** लॉयंस क्लब मिडटाउन ने अपने पौधारोपण महाअभियान के तहत नेतनागर, गुरुकुल और बोईरदादर स्कूल में 250 छायादार व फूलदार पौधे लगाए। क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल व पर्यावरण चेयरमैन दयानंद अवस्थी के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में बच्चों व स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। क्लब ने इस मानसून में 11 हजार पौधों के रोपण का लक्ष्य तय किया है।

### कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

**सारंगढ़।** कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों, कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग, जिला अस्पताल, सीएमएचओ कार्यालय एवं वृद्धा आश्रम का निरीक्षण कर कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग को 30 जुलाई तक प्लींथ लेवल तक करने एवं कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार व कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा को दिए। इसी प्रकार निर्माणाधीन जिला अस्पताल और सीएमएचओ कार्यालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर वहां के धीमी गति कार्य पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त किए और वहां मिस्त्री व श्रमिक बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डा. कन्नौजे ने जिले के विभिन्न कार्यालयों जनपद पंचायत सारंगढ़, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, समाज कल्याण, जिला आबकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां प्रत्येक शाखा का निरीक्षण कर संबंधित लिपिकों से उनके कार्यों का चर्चाकर योजनाओं की प्रगति की जानकारी लिए। कलेक्टर ने समाज कल्याण को वृद्धा आश्रम संचालन हेतु वहां प्राक्कलन बनाकर तत्काल कार्य स्वीकृति करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, सीएमएचओ डा. निराला, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का शुभारंभ

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज सीसीसीआई के जिला इकाई सारंगढ़ द्वारा एमजीएम नेत्र इंस्टीट्यूट रायपुर के सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र रोग एवं मोतियाबिंद जांच एवं निदान शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन सारंगढ़ में किया गया। इस अवसर पर अतिथि कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्र्णेय, अपर कलेक्टर प्रकाश कुर्रे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू ने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि चेम्बर आफ कामर्स के द्वारा लोगों के भलाई के लिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए चेम्बर आफ कामर्स और एमजीएम रायपुर की टीम के साथ यहां इलाज कराने आए सभी नागरिकगण बधाई के पात्र हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री महेन्द्र यादव पिता स्व.रामप्रसाद यादव निवासी बलराम टाकिज के सामने सिंधी कॉलोनी वार्ड क्र.20 तहसील व जिला बिलासपुर से इनके नाम पर मौजा ग्राम बनहर हल्का नं. 00048 रा.नि.मं. छाल व तहसील छाल जिला-रायगढ़ में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 5/1/ल कुल रकबा 2.0230 हे. खसरा नं. 5/ 1क/7 कुल रकबा 1.0110 हे.भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है, इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्द्ध शासकीय कार्यालय या अन्य किसी को भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें।

भवदीय
महेन्द्र यादव (उर्फ पप्पू यादव)
पिता स्व.राम प्रसाद यादव
वार्ड क्र.-20, सिंधी कॉलोनी,
बलराम टॉकिज के सामने,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.9993327890, 9893616408

## नगर में विकास की रफ्तार थमी, 64 करोड़ की योजना अधर में

# राजनीति के जाम में फंसा खरसिया का ओवरब्रिज, जनता के हिस्से में सिर्फ इंतजार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

विधानसभा चुनाव के दौरान नेताओं ने खरसिया में विकास की गंगा बहाने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन भाजपा सरकार के डेढ़ साल बाद भी खरसिया की तस्वीर जस की तस है। सबसे अहम मुद्दा रेलवे ओवरब्रिज का है। जो अब तक अधर में लटका हुआ है।

खरसिया शहर का आधा हिस्सा और सभी प्रमुख शासकीय कार्यालय रेलवे फाटक के उस पार स्थित हैं। वहीं शासकीय अस्पताल, स्कूल कॉलेज, बाजार और जरूरी संसाधन इस पार।

इस कारण आम लोगों को रोजाना रेलवे फाटक पार करते समय भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक उमेश पटेल ने विधानसभा में ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठाई थी। इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि वित्त विभाग ने इस कार्य को लंबित रखा है जबकि राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी हैं। ऐसे में जनता ओवरब्रिज बनने के इंतजार में है।



### सियासी खींचतान बना रोड़ा

सूत्रों की मानें तो विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा ने खरसिया से रुख मोड़ लिया है। यही वजह है कि ओवरब्रिज जैसे जरूरी विकास कार्य अटक गए हैं। हालांकि कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे उमेश पटेल की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करीब 64 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज स्वीकृत किया था। मुआवजे के तौर पर 7 करोड़ रुपए का वितरण भी हो चुका है। तीन बार टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, लेकिन आचार संहिता के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो सका था। बाद में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बनी और 20 दिसंबर को वित्त विभाग ने ओवरब्रिज की स्वीकृति लंबित कर दी। अब अगर यह योजना रद्द होती है या बदली जाती है तो सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा।

आम जनता की समस्याओं को देखते हुए किसी प्रकार की राजनीति किए बिना ओवरब्रिज का जल्द निर्माण जरूरी है।

**उमेश पटेल**
**पूर्व मंत्री एवं विधायक खरसिया**

खरसिया की जनता से मंत्री का कोई वास्ता नहीं। रेलवे फाटक में फंसी गर्भवती महिला की जान पर बन आए या स्कूली बच्चे देर से पहुंचे, उन्हें केवल राजनीतिक बदला निकालना है।

**राधा सुनील शर्मा**
**पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष**

### जमीन अधिग्रहण बनी बड़ी बाधा

ओवरब्रिज की जगह अब अंडरब्रिज की चर्चा जोरों पर है। लेकिन प्रस्तावित अंडरब्रिज स्थल पर दोनों ओर की सड़कें इतनी सकरी हैं कि दो गाड़ियों का एक साथ निकलना मुश्किल है। ऐसे में जमीन अधिग्रहण की आवश्यकता पड़ेगी। सवाल ये भी है कि अगर अंडरब्रिज बनेगा तो क्या ओवरब्रिज की योजना स्थगित कर दी जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो जनता को ओवरब्रिज का लाभ कभी नहीं मिल पाएगा।

### क्या सिर्फ श्रेय की लड़ाई में अटका

स्थानीय चर्चाओं में यह बात जोर पकड़ रही है कि भाजपा सरकार सिर्फ इसलिए इस योजना को आगे नहीं बढ़ा रही ताकि इसका श्रेय उमेश पटेल या कांग्रेस को न मिल जाए। अगर ऐसा है, तो यह राजनीतिक दुर्भावना जनता की भलाई पर भारी पड़ रही है। जबकि खरसिया एक समय प्रदेश की राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है। लखीराम अग्रवाल और नंदकुमार पटेल जैसे नेताओं की यह कर्मभूमि रही, जिन्होंने राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता दी।

कुछ तकनीकी त्रुटियां थीं जिन्हें दूर कर जल्द ही ओवरब्रिज निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

**महेश साहू, भाजपा नेता**

# पुसौर के बिजली खंभों से नहीं मिल रहा उजाला

**बल्ब गायब या खराब बारिश के मौसम में अंधेरे से बढ़ रही लोगों की मुश्किलें**



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

नगर पंचायत पुसौर के 15 वार्डों में लगे बिजली खंभे लोगों को उजाला देने की बजाय अंधेरे में धकेल रहे हैं। अधिकांश खंभों में या तो स्ट्रीट लाइट्स के बल्ब लगे ही नहीं हैं या फिर कटकर बंद हो चुके हैं। इससे शाम ढलते ही गलियों में घुप अंधेरा छा जाता है, जिससे खासकर बारिश के मौसम में राहगीरों और स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लगभग सभी वार्डों में यह समस्या बनी हुई है और लोग कई बार नगर पंचायत प्रशासन से इसकी शिकायत कर चुके हैं। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी जन जागरण मंच सहित अन्य स्थानीय समूहों के जरिए लोग लगातार इस समस्या को साझा कर रहे हैं। इसके बावजूद न नगर पंचायत ने अब तक कोई ठोस कदम उठाया है, और न ही बिजली विभाग ने संज्ञान लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को कई बार नगर पंचायत प्रशासन के समक्ष मौखिक रूप से उठाया है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। जनता में इस बात को लेकर गहरा असंतोष व्याप्त है कि उजाला टैक्स के रूप में नागरिकों से वसूली तो की जा रही है, लेकिन उसके बदले सुविधा नहीं मिल रही।

### बारिश और अंधेरे का दोहरा संकट

बरसात के इस मौसम में गड्ढों और कीचड़भरी सड़कों पर रोशनी की अधिक आवश्यकता होती है। लेकिन स्ट्रीट लाइट्स की अनुपस्थिति से न सिर्फ दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता गहराती जा रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि नगर पंचायत और बिजली विभाग संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करें और सभी वार्डों के बिजली खंभों में बल्ब लगाकर रोशनी बहाल करें।

# 100 हेक्टेयर में होगा मूंगफली प्रदर्शन किसानों को बांटे गए निःशुल्क बीज

**पुसौर।** कृषि विभाग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और टिकरा भूमि के बेहतर उपयोग हेतु 100 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली प्रदर्शन का लक्ष्य तय किया गया है। इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके पटेल के नेतृत्व में पुसौर विकासखंड के किसानों को निःशुल्क मूंगफली बीज का वितरण किया गया।



जानकारी के अनुसार पुसौर के विभिन्न आरईओ क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किसानों को बीज बांटे गए। इसी कड़ी में बीते दिन ग्राम बड़ेहल्दी स्थित खाद गोदाम में बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता हरिशंकर चौहान और क्षेत्रीय जनपद सदस्य कृष्णा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान ने कहा कि श्सरकार किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। निःशुल्क बीज और सब्सिडी पर खाद वितरण इसी दिशा में एक बड़ा कदम है जिससे किसानों को सहज लाभ हो सके। जनपद सदस्य कृष्णा गुप्ता ने बताया कि उन्होंने पहले ही अपने क्षेत्र के किसानों को इस वितरण की जानकारी दे दी थी, जिससे बड़ी संख्या में किसान कार्यक्रम में शामिल हुए। कृषि अधिकारी आरके पटेल ने इसे प्राथमिकता में लेते हुए बीज वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। गौरतलब है कि बरसाती मूंगफली मुख्यतः टिकरा भूमि में बोई जाती है। हालांकि इन दिनों धान के बढ़ते रेट और बोनस को देखते हुए कई किसान टिकरा भूमि को खेत में तब्दील कर चुके हैं, जिससे टिकरा रकबा में कमी आई है। इसके बावजूद कई बड़े किसान आज भी मूंगफली, उड़द और साग सब्जी जैसी टिकरा फसलों को तरजीह दे रहे हैं। यही वर्ग शासन के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।

# बारिश के तुरंत बाद चालू करें निर्माण कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कलेक्टर ने निर्माण एजेंसीज की बैठक लेकर की समीक्षा

जिले में चल रहे विकासमूलक निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि स्वीकृत हो चुके कार्यों के लिए टेंडर सहित अन्य आवश्यक सभी प्रक्रियाएं बारिश खत्म होने के पहले पूरा कर लें, जिससे बरसात के तत्काल बाद सारे निर्माण कार्य शुरू कराए जा सकें। उन्होंने बैठक में लोक निर्माण विभाग, ब्रिज, नेशनल हाइवे, प्रधानमंत्री ग्रामसड़क योजना, आरईएस और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से जुड़े प्रोजेक्ट्स की अद्यतन प्रगति और आगे की कार्रवाई को लेकर समीक्षा की।



लोक निर्माण विभाग से उनके निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स को लेकर जानकारी ली गई। जिसमें शहर में प्रवेश करने वाली 6 सड़कों के फोर लेन करने का कार्य शामिल है। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि इन सड़कों के डीपीआर व यूटिलिटी शिफ्टिंग का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि इन सभी सड़कों के लिए जिले स्तर से सारी आवश्यक प्रक्रियाएं जल्द पूर्ण कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेज दें और स्वीकृति उपरांत आगे की प्रक्रिया के लिए भी अपनी तैयारी पूरी रखें, जिससे जल्द टेंडर जारी किया जा सके। उन्होंने लोहरसिंह में बनने जा रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के बजट में शामिल अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के प्राक्कलन तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में विभागीय अधिकारी से जानकारी ली। कुछ स्थानों पर ठेकेदार द्वारा काम में लेट लतीफी किए जाने की बात संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि निर्धारित शर्तों के तहत काम दिया जाता है, यदि ठेकेदार द्वारा काम में अनावश्यक देरी की जा रही है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें, ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत पुल पुलिया से जुड़े निर्माण कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने फील्ड में चल रहे कार्यों के साथ जो काम टेंडर प्रोसेस में हैं इन सभी के बारे में जानकारी ली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के तहत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान ओवरहेड टैंक के निर्माण पर जोर देते हुए कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जिन जगहों पर टंकी निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है वहां हैंडओवर से पहले सुनिश्चित कर लिया जाए कि नल कनेक्शन में ठीक तरह से जलापूर्ति हो रही है और सरपंच सचिव से इसका भौतिक सत्यापन भी करवा लिया जाए।

# निगम कमिश्नर ने अधिकारी समेत 7 को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- आयुक्त ने कहाए समय पर काम नहीं तो कार्रवाई तय

नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बुधवार को समय सीमा की बैठक के दौरान आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त रुख अपनाते हुए एक अधिकारी, दो कॉलोनाइजर और पाँच कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में सबसे पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और लोक शिकायत पोर्टल से जुड़े आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों का समयबद्ध निराकरण अनिवार्य है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन पोर्टल में अपडेट करने और आवेदनकर्ताओं को सूचित करने के भी निर्देश दिए।



### कॉलोनाइजर और कर्मचारी आए निशाने पर

फ्रेंड्स कॉलोनी में नाला निर्माण और गोवर्धनपुर ऐश्वर्यम अपार्टमेंट में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर आए आवेदनों में लापरवाही पाए जाने पर दोनों कॉलोनाइजरों को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। वहीं एक कर्मचारी के प्रकरण में देरी को लेकर स्थापना प्रभारी को नोटिस जारी किया गया। राशन कार्ड, वेट मशीन खरीदी और अन्य शिकायतों के आवेदनों में ढिलाई बरतने पर पांच कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई तय की गई।

# खाद बिक्री करने वाले संस्थान की जांच कर रहा कृषि विभाग

**रायगढ़।** जिले में शासन द्वारा निर्धारित दर पर एवं गुणवत्ता युक्त उर्वरक की बिक्री के लिए जिले के उर्वरक निरीक्षकों द्वारा सतत रूप से विक्रय संस्थानों की जांच और सत्यापन किया जा रहा है। अनियमितता पाए गए केन्द्रों पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्रवाई किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि खरीफ सत्र प्रारंभ से अब तक 42 संस्थानों का निरीक्षण कर 16 संस्थानों पर कार्रवाई किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी कृषक को अधिक दर पर उर्वरक विक्रय या अन्य किसी भी प्रकार के उर्वरक संबंधित शिकायत या सूचना देना है तो जिला स्तर पर उर्वरक व्यवस्था के नोडल अधिकारी हिन्द कुमार भगत, सहायक संचालक कृषि, कार्यालय उप संचालक कृषि रायगढ़ के मोबाइल नंबर 7974763220 पर कर सकते है। अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री की शिकायत सही पाए जाने कर संबंधित संस्थान के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई की जाएगी।



## निजी स्कूलों में लापरवाही पर प्रशासन की रोक-टोक नहीं

# स्कूली वाहनों में सुरक्षा की अनदेखी, बच्चों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिला के चंद्रपुर में स्कूल वाहनों में सुरक्षा की अनदेखी हो रही है। स्कूल बसें और मैजिक वाहन ओवर लोडिंग कर बच्चों को लाने ले जाने में लगे हुए हैं। इन वाहनों की फिटनेस पंजीयन और बीमा नहीं हुआ है और कई वाहनों की समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है।

स्कूल वाहनों को आरटीओ के नियमों का पालन करना होता है जैसे कि परमिट लेना, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस, सुरक्षा उपकरण, हेल्पर, प्रदूषण नियंत्रण, सुरक्षा गार्ड सीट, साफ सुथरी व्यवस्था, ओवरस्पीड न करना, आपातकालीन स्थिति में फोन मोबाइल वर्जित आदि। लेकिन चंद्रपुर के स्कूल वाहनों में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। स्कूल वाहनों में सुरक्षा की अनदेखी ने बच्चों की जान खतरे में डाल दी है। कई बसों और वैन की खिड़कियां टूटी फूटी हैं जिनमें जाली तक नहीं लगी है। बच्चे सफर के दौरान हाथ और सिर बाहर निकालते रहते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। अधिकतर वाहन ओवरलोडिंग कर चलते हैं और ड्राइवरों के पास न तो वर्दी है और न ही जरूरी कागजात। अग्निशामक यंत्र भी नदारद हैं। ट्रैफिक विभाग और स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अभिभावक मजबूरी में बच्चों को इन खटारा गाड़ियों में भेज रहे हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है।



### स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही

स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से मासूम बच्चों की जान जोखिम में है। कई स्कूल वाहन बिना फिटनेस और बीमा के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। वाहनों में खिड़कियों पर जाली नहीं लगी है, जिससे हादसे का डर बढ़ गया है। अग्निशामक यंत्र भी बसों में नदारद हैं। ड्राइवरों के दस्तावेज और लाइसेंस की ठीक से जांच नहीं होती। बच्चे चलते वाहन से हाथ मुंह बाहर निकालते हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्कूल प्रबंधन को सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। प्रशासन को भी लापरवाह स्कूलों पर कार्रवाई करनी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा।

### प्रशासन की जिम्मेदारी

प्रशासन को भी स्कूल वाहनों की जांच करनी चाहिए और नियमों का पालन न करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

आपके माध्यम से जानकारी मिली है कि चंद्रपुर के समस्त स्कूल के वाहनो की जांच कराई जाएगी और कड़ाई बरती जाएगी। अपडेट करने के साथ अगर लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई के साथ ब्लैक लिस्टेड होंगे।

**गौरव साहू**
**जिला परिवहन अधिकारी**

जल्द ही पुलिस विभाग द्वारा जाच की जाएगी और परिवहन विभाग को सूचित किया जाएगा।

**गगन बाजपेयी**
**थाना प्रभारी चंद्रपुर**

